## मुख्यमंत्री ने गांधी सेतु के समानांतर गंगा नदी पर बन रहे फोरलेन पुल का किया निरीक्षण

# गांधी सेतु के समानांतर पुल जल्द पूरा करें यातायात व्यवस्था और होगी सुगम: सीएम

संवाददाता, पटना/हाजीपुर

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने महात्मा गांधी सेतु के समानांतर फोरलेन पुल निर्माण का काम तेजी से करवाकर इसे जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है. उन्होंने कहा है कि इस नये पुल के निर्माण से महात्मा गांधी सेतु पर अत्यधिक ट्रैफिक लोड के कारण लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सकेगी. इस पुल के निर्माण से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच यातायात व्यवस्था और सुगम हो जायेगी. मुजफ्फरपुर, सारण और वैशाली जिला की जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा, साथ ही पटना पहुंचना आसान हो जायेगा. उन्होंने कहा कि हम हमेशा इसके निर्माण कार्य को देखते रहे हैं. मुख्यमंत्री ने यह बातें रविवार को महात्मा गांधी सेतु के समानांतर गंगा नदी पर बनाये जा रहे फोरलेन पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद कहीं. इस दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह आदि उपस्थित थे.

## मार्च 2027 तक पूरा होना है निर्माण कार्य, 1794 करोड़ से बन रहा पुल



हाजीपुर के सैफपुर में पाया नंबर नौ के पास अधिकारियों से निर्माण कार्य के बारे में जानकारी लेते सीएम नीतीश कुमार.

### एप्रोच पथ का भी लिया जायजा

इस पुल के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी सेतु से होते हुये गंगा नदी के दक्षिणी छोर से लेकर गंगा नदी के उत्तरी छोर तक निर्माणाधीन पुल और एप्रोच पथ का जायजा लिया. उन्होंने हाजीपुर के सैफपुर में पाया नंबर नौ के पास रुककर अधिकारियों से निर्माण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली.

### जेपी गंगापथ से भी कनेक्टिविटी

इस समानांतर फोरलेन पुल का निर्माण मार्च 2027 तक पूरा होने की संभावना है. हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी गंगापथ का निरीक्षण कर उसकी कनेक्टिविटी महात्मा गांधी सेतु और उसके बगल में बनाए जानेवाले नये फोरलेन पुल से करने की योजना पर काम करने का अधिकारियों और अभियंताओं को निर्देश दिया है.

### 60 फीसदी काम हो चुका है पूरा

पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि 14.5 किलोमीटर लंबे इस पुल का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है. साथ ही दोनों तरफ आठ लेन का एप्रोच पथ भी बनाया जा रहा है. 1794 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस पुल का 60% काम पूरा हो चुका है. यह फोरलेन पुल पटना के जीरो माइल से हाजीपुर के बीएसएनएल गोलंबर रामाशीष चौक तक बनाया जा रहा है. 80% सुपर स्ट्रक्चर और फ्लाइओवर निर्माण में 90% सब स्ट्रक्चर का काम पूरा हो गया है. यातायात व्यवस्था के लिए हाजीपुर के जढुआ के पास टोल प्लाजा बनाया जायेगा. ट्रैफिक की निगरानी के लिए एडवांस ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया जायेगा.